चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 31.03.25 | 3 | 1-2 |

# हकृवि के तीन विद्यार्थियों का एग्जीक्यूटिव के पद पर चयन



कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज चयनित विद्यार्थियों के साथ • विज्ञप्ति

जासं • हिसार : चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अन्तर्गत 'प्रदान एनजीओं' द्वारा एग्जीक्यूटिव पद पर तीन विद्यार्थियों का चयन किया गया। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण सम्पन्न होने पर 8.64 लाख वार्षिक वेतन मिलेगा। डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि चयनित होने वालों में प्रीति एमबीए, संगीता एमएससी एग्रीकल्चर व हर्ष बीटेक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के विद्यार्थी हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 31.3.25 | 4 | 7-8 |

**हरिभूमि**

# एचएयू के तीन विद्यार्थियों का एग्जीक्यूटिव पद पर चयन

## 8.64 लाख का पैकेज, वीसी ने बधाई दी



कुलपति के साथ चयनित विद्यार्थी।

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तहत 'प्रदान एनजीओ' द्वारा एग्जीक्यूटिव पद पर तीन विद्यार्थियों का चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने विद्यार्थियों को बधाई दी है। चयनित विद्यार्थियों को पहले वर्ष प्रशिक्षण के दौरान 32 हज़ार रुपए मासिक वेतन दिया जाएगा तथा प्रशिक्षण सम्पन्न होने के पश्चात 8.64 लाख रुपए वार्षिक वेतन मिलेगा। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि एग्जीक्यूटिव पद पर चयनित होने वालों में प्रीति एमबीए, संगीता एमएससी एग्रीकल्चर व हर्ष बीटेक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के छात्र हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 31.03.25 | 8 | 2-4 |


# हकृवि के 3 विद्यार्थियों का एग्जीक्यूटिव पद पर चयन

हिसार, 30 मार्च (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अन्तर्गत 'प्रदान एनजीओ' द्वारा एग्जीक्यूटिव पद पर तीन विद्यार्थियों का चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट सेल शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, कैरियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित करने तथा रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए भर्ती अभियान चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि सेल द्वारा विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने, अपने कौशल को निखारने और आत्मविश्वास के साथ चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। विद्यार्थी अपने लक्ष्य को निर्धारित कर कड़ी मेहनत करके अपने भविष्य को उज्जवल बना सकते हैं। चयनित विद्यार्थियों को पहले वर्ष प्रशिक्षण के दौरान 32 हजार रुपए मासिक वेतन दिया जाएगा तथा प्रशिक्षण संपन्न होने के पश्चात 8.64 लाख रुपए वार्षिक वेतन मिलेगा। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि एग्जीक्यूटिव पद पर चयनित होने वालों में प्रीति एमबीए, संगीता एमएससी एग्रीकल्चर व हर्ष बीटेक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के विद्यार्थी हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 31.03.25 | 4 | 3-5 |

## हकृवि के तीन विद्यार्थियों का एग्जीक्यूटिव पद पर चयन



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज चयनित विद्यार्थियों के साथ।*

हिसार, 30 मार्च (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अन्तर्गत 'प्रदान एन.जी.ओ.' द्वारा एग्जीक्यूटिव पद पर तीन विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने विद्यार्थियों को बधाई देते कहा कि विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट सेल शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, कैरियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित करने तथा रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए भर्ती अभियान चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि सेल द्वारा विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने, अपने कौशल को निखारने और आत्मविश्वास के साथ चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। विद्यार्थी अपने लक्ष्य को निर्धारित कर कड़ी मेहनत करके अपने भविष्य को उज्जवल बना सकते हैं। चयनित विद्यार्थियों को पहले वर्ष प्रशिक्षण के दौरान 32 हजार रुपए मासिक वेतन दिया जाएगा तथा प्रशिक्षण सम्पन्न होने के पश्चात 8.64 लाख रुपए वार्षिक वेतन मिलेगा।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि एग्जीक्यूटिव पद पर चयनित होने वालों में प्रीति एम.बी.ए., संगीता एम.एस.सी. एग्रीकल्चर व हर्ष बी.टेक. एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के विद्यार्थी हैं।


इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस. के. पाहुजा, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. के.डी. शर्मा, मीडिया एडवाइज़र डॉ. संदीप आर्य आदि उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 31.03.25 | 5 | 1-3 |

# हकृवि के तीन विद्यार्थियों का एग्जीक्यूटिव पद पर चयन

## कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने चयनित विद्यार्थियों को दी बधाई



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज चयनित विद्यार्थियों के साथ।

हिसार, 30 मार्च (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमैंट सेल के अन्तर्गत 'प्रदान एनजीओ' द्वारा एग्जीक्यूटिव पद पर तीन विद्यार्थियों का चयन हुआ है कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने विद्यार्थियों को बधाई देते कहा कि विश्वविद्यालय का प्लेसमैंट सेल शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, कैरियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित करने तथा रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए भर्ती अभियान चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि सेल द्वारा विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने, अपने कौशल को निखारने और आत्मविश्वास के साथ चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। विद्यार्थी अपने लक्ष्य को निर्धारित कर कड़ी मेहनत करके अपने भविष्य को उज्जवल बना सकते हैं। चयनित विद्यार्थियों को पहले वर्ष प्रशिक्षण के दौरान 32 हजार रुपए मासिक वेतन दिया जाएगा तथा प्रशिक्षण सम्पन्न होने के पश्चात 8.64 लाख रुपए वार्षिक वेतन मिलेगा। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि एग्जीक्यूटिव पद पर चयनित होने वालों में प्रीति एमबीए, संगीता एमएससी एग्रीकल्चर व हर्ष बी.टेक. एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के विद्यार्थी हैं। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस. के. पाहुजा, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. के.डी. शर्मा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा तथा सह-छात्र कल्याण निदेशक (काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट) डॉ. सुबोध अग्रवाल उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| 'अमर उजाला | 31.03.25 | 4 | 7-8 |

## एचएयू के तीन विद्यार्थियों का चयन



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अन्तर्गत 'प्रदान एनजीओ' द्वारा एग्जीक्यूटिव पद पर तीन विद्यार्थियों का चयन किया गया। कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने विद्यार्थियों को बधाई दी। चयनित विद्यार्थियों को पहले वर्ष प्रशिक्षण के दौरान 32,000 रुपये मासिक वेतन दिया जाएगा और प्रशिक्षण सम्पन्न होने के पश्चात 8.64 लाख रुपये वार्षिक वेतन मिलेगा। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि एग्जीक्यूटिव पद पर चयनित होने वालों में प्रीति एमबीए, संगीता एमएससी एग्रीकल्चर व हर्ष बीटेक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के विद्यार्थी हैं। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा तथा सह-छात्र कल्याण निदेशक (काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट) डॉ. सुबोध अग्रवाल उपस्थित रहे। संवाद

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक सवेरा | 31.03.25 | -- | -- |


# हकृवि के तीन विद्यार्थियों का एग्जीक्यूटिव पद पर चयन

■ कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने चयनित विद्यार्थियों को दी बधाई

सवेरा न्यूज/सुरेंद्र सोढी


हिसार, 30 मार्च : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अन्तर्गत प्रदान एनजीओ द्वारा एग्जीक्यूटिव पद पर तीन विद्यार्थियों का चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने विद्यार्थियों को बधाई देते कहा कि विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट सेल शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, कैरियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित करने तथा रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए भर्ती अभियान चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि सेल द्वारा विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने, अपने कौशल को निखारने और आत्मविश्वास के साथ चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि एग्जीक्यूटिव पद पर चयनित होने वालों में प्रीति एमबीए, संगीता एमएससी एग्रीकल्चर व हर्ष बी.टेक. एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के विद्यार्थी हैं। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस. के. पाहुजा, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. के.डी. शर्मा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा तथा सह- छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुबोध अग्रवाल उपस्थित रहे।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज चयनित विद्यार्थियों के साथ।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| डेमोक्रेटिक फ्रंट | 30.03.25 | -- | -- |

# हकृवि में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित



## 33 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को किया सम्मानित

**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लेचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने तीन माह के दौरान 33 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर के सम्मानित किया।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने इन सेवानिवृत कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। यह सभी के प्रयासों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। आपके योगदान का ऋण उतारा नहीं जा सकता। वे अपने आपको सेवानिवृत न समझकर परिवार व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें। उन्हें विश्वविद्यालय से जुड़े रहकर भी उसके विकास में अपना सकारात्मक योगदान देते रहना चाहिए। उन्होंने उनसे विश्वविद्यालय के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखने और कर्मचारियों को भावी पीढ़ी से अपने अनुभव साझा करने का आहवान किया ताकि वे भी उनकी भान्ति सहनशीलता के साथ कार्य निष्पादन कर सकें। प्रो. काम्बोज ने कर्मचारियों से कहा कि जब कभी भी रिटायर्ड कर्मचारी विश्वविद्यालय में आए तो उन्हे उचित मान सम्मान दिया जाए।

विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं। वह अपने कार्य के लिए किसी भी समय यहां आ सकते हैं। उन्होंने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को मिलने वाले सभी सेवानिवृत लाभों की विस्तार से जानकारी दी। रजिस्ट्रार डॉ. पवन कुमार ने सेवानिवृत वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को बधाई दी, साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, एसवीसी कपिल अरोड़ा व उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर भी उपस्थित थे।

विश्वविद्यालय से गत तीन माह के दौरान 4 वैज्ञानिक, 2 कैंपस स्कूल शिक्षिका तथा 27 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत हुए। वैज्ञानिकों में डॉ. अमरजीत कालड़ा, डॉ. नसीब सिंह, डॉ. सतीश कुमार व डॉ. राज सिंह, स्कूल शिक्षिकाओं में मीनू मलिक, रेणू बिश्नोई जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में अनीता रानी, टाला राम, सुनील कुमार, छबीला, राम संजीवन, राम नारायण, भरत सिंह, राधे श्याम, कांता प्रसाद, श्रवण कुमार, उर्मिला कुमारी, जगदीश सिंह, सुभाष चन्द्र, राम पाल, ताराबंती, मेवा लाल, वीना रानी, प्रवीन कुमारी, वीना रानी, योगेन्द्र सिंह, राज कुमारी, संजय कुमार, सुरेश साहू, महाबीर, धर्मबीर सिंह, केला देवी तथा साधू राम शामिल हैं।